कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 13.03.2023

थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 04 नफ़र वांछित शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण व 1460/- रु0 नगद बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0079/2023 धारा 380/457/411 भादवि से सम्बन्धित वांछित शातिर अभियुक्तगण 1.विकास उर्फ छोटू सोनकर पुत्र राम नरेश सोनकर निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी 2.गणेश पटेल पुत्र श्री विजय पटेल निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी 3.पांचू यादव पुत्र छोटू यादव निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी 4.विक्रम सोनकर पुत्र गोपाल सोनकर निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी को रसूलगढ़ रेलवे क्रासिंग के पास से आज दिनांक-13.03.2023 को समय करीब 08.45 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के आभूषण व कुल 1460/- रु0 नगद बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 24.02.2023 को प्रार्थिनी उमा सोनकर पत्नी स्व0 अरविंद कुमार सोनकर ग्राम सलारपुर,रसूलगढ़ थाना सारनाथ जनपद वाराणसी ने कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी के अंदर रक्खे विभिन्न कंपनियों के 05 अदद मोबाइल फोन,02 एटीएम कार्ड,सोने चांदी एवं डायमंड के गहने तथा 40000/- रु0 नगद चोरी करने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0 0079/2023 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.विकास उर्फ छोटू सोनकर पुत्र राम नरेश सोनकर निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

2.गणेश पटेल पुत्र श्री विजय पटेल निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 25 वर्ष।

3.पांचू यादव पुत्र छोटू यादव निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

4.विक्रम सोनकर पुत्र गोपाल सोनकर निवासी सलारपुर रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1.01 अदद अंगुठी (पुरुष) पीली धातु

2.01 अदद टप्स पीली धातु

3. 01 अदद लाकेट पीली धातु

4.01 जोड़ा पायल सफेद धातु

5.01 अदद टप्स छोटा पीली धातु व

6.1460/- रुपये नगद ।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्त विकास उर्फ छोटू सोनकर ने बताया कि हमने प्लान के तहत जल्दी से पैसा बनाने के लिये यह चोरी की थी। हम लोगों को काफी दिनों से कोई काम नही मिल रहा था और पैसे की तंगी भी बनी रहती थी इसलिए मैने तथा मेरे दोस्तों ने मिलकर दिनांक-17-18.02.2023 की रात्री में अपनी बड़ी मम्मी उमा सोनकर के घर में घुसकर ताला तोड़कर घर से गहने, पैसे तथा मोबाईल चोरी कर लिये थे। शेष गहने हमने चलते-फिरते राहगीरों को बेच दिए तथा उनसे मिले रुपयों व चोरी में मिले रु0 को हमलोग आपस में बराबर बांट लिये थे जो खाने-पीने में खर्च हो गया और जो शेष था वो यही है तथा मोबाइल व ए0टी0एम0 कार्ड के बारे में बताया कि पुलिस द्वारा पकडे जाने के डर से पास ही गंगा नदी में फेक दिये थे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

2.उ0नि0 अमित कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

3.उ0नि0 राजेश कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

4.हे0का0 अरविन्द कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

5.हे0का0 विजेन्द्र कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

6.का0 मनोज कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

7.हे0का0 रामानन्द यादव क्राइम टीम थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

8.हे0का0 रामबाबू क्राइम टीम थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी